# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी | कक्षा : आठवीं

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम :** | बाज और साँप | **समयावधि :** | 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** | ------------------------------------ | **पूर्णांक :** | |
| **अनुक्रमांक (रोल नं.) :** | .............. | **दिनांक :** | ....../....../........ |

**निर्देश:- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|**
**3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**प्र. गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए --**

"आकाश की असीम शून्यता में क्या ऐसा आकर्षण छिपा है जिसके लिए बाज ने अपने प्राण गँवा दिए? वह खुद तो मर गया लेकिन मेरे दिल का चैन अपने साथ ले गया। न जाने आकाश में क्या खजाना रखा है? एक बार तो मैं भी वहाँ जाकर उसके रहस्य का पता लगाऊँगा, चाहे कुछ देर के लिए ही हो। कम से कम उस आकाश का स्वाद तो चख लूँगा।" यह कहकर साँप ने अपने शरीर को सिकोड़ा और आगे रेंगकर अपने को आकाश की शून्यता में छोड़ दिया। धूप में क्षण भर के लिए साँप का शरीर बिजली की लकीर-सा चमक गया।

1. **उपर्युक्त पंक्तियों में कौन, किससे बातें कर रहा है?** 1

(क) साँप, बाज से
(ख) साँप, अपने आप से
(ग) बाज, साँप से
(घ) बाज, अपने आप से

**2.** बाज ने किसके लिए अपने प्राण का बलिदान दिया? सही विकल्प का चयन कीजिए -- 1

(i) वह चाहता था कि लहरें उसकी प्रशंसा के गीत गाएँ |
(ii) वह आजीवन आज़ादी से आकाश की ऊँचाइयाँ नापा था |
(iii) वह साँप को चुनौती देना चाहता था |
(iv) आकाश की शून्यता के लिए

(क) कथन (i) सही है
(ख) कथन (i) व (iii) सही है
(ग) कथन (i) व (iv) सही है
(घ) कथन (ii) व (iv) सही है

**3. बाज की मृत्यु से साँप क्यों बेचैन हो गया?** 1

(क) मित्र के बिछड़ने के कारण

(ख) उड़ने की आकांक्षा पैदा होने के कारण

(ग) बाज द्वारा उड़ न पाने से

(घ) बाज के नदी में गिर जाने से

**4.** ***कथन*** *- साँप ने आगे रेंगकर अपने को आकाश की शून्यता में छोड़ दिया ।* 1

***कारण*** *- साँप का शरीर बिजली की लकीर की तरह धूप में चमक गया ।*

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है |

(ख) कथन(A) और कारण (R) दोनों ही गलत है |

(ग) कथन (A) सही व्याख्या है किंतु कारण (R) सही व्याख्या नहीं है |

(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) ही सही व्याख्या है |

**5. उपर्युक्त अंश के पाठ और लेखक के सही जोड़े का चयन कीजिए |** 1

(क) पानी की कहानी - निर्मल वर्मा

(ख) बाज और साँप - निर्मल वर्मा

(ग) यह सबसे कठिन समय नहीं - हजारी प्रसाद द्विवेदी

(घ) बाज और साँप - रामचंद्र तिवारी

**(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**6.** मुहावरे और उसके अर्थ के आधार पर कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| (1) प्राणों की बाज़ी लगाना | (i) बड़ी.बड़ी बातें करना |
| (2) डींगें हाँकना | (ii) अफसोस करना |
| (3) सिर धुनना | (iii) मृत्यु की परवाह न करना |
| (4) प्राण हथेली पर लेकर घूमना | (iv) बहुत साहस करना |

(क) 1-iii, 2-i 3-ii, 4.iv

(ख) 1-iii, 2-iv 3-i, 4.ii

(ग) 1-iv, 2-ii 3-iii, 4.i

(घ) 1-iv, 2-i 3-ii, 4.iii

**7.** कौन-सा प्रत्यय-समूह 'देने वाले' के अर्थ में प्रयुक्त नहीं हुआ है ? 1

(क) अन्नदाता, जन्मदाता, सुखदाता

(ख) मानद, जलद, सुखद

(ग) सुन्दरता, ममता, जनता

(घ) शिक्षाप्रद, लाभप्रद, सुखप्रद

8. **'शिकारी ने हाथों से शिकार को पकड़ा |' रेखांकित कारक चिह्नों के आधार पर कारकों के सही क्रम का चयन कीजिए |** 1

(क) कर्ता कारक, कर्म कारक, करण कारक

(ख) करण कारक, कर्म कारक, कर्ता कारक

(ग) कर्ता कारक, करण कारक, कर्म कारक

(घ) कर्म कारक, कर्ता कारक, करण कारक

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

9. **साँप कहाँ रहता था और वहाँ से वह क्या-क्या देखा करता था ?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

10. **एक दिन साँप की गुफा में कौन आ गिरा और उसकी हालत कैसी थी?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

11. **क्या बाज का अपने अंतिम समय में उड़ने का निर्णय सही था? यदि हाँ, तो क्यों और यदि नहीं, तो क्यों ? स्पष्ट करें |** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

12. **लेखक 'बाज़ और साँप' कहानी के माध्यम से क्या शिक्षा देना चाहता है?** 2

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

**(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)**

**13. बाज और साँप के बीच हुई बातचीत को संवाद-शैली में लिखिए |** 4

**अथवा**

**मान लीजिए कि आप लहरें हैं और आपने बाज और साँप की पूरी बातचीत सुनी है | बाज के साहस का वर्णन करते हुए अपनी बहन नदी को पत्र लिखिए |**

उत्तर:- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------------------------------------------

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| **1.** | स्मरण | उत्तर:- (ख) साँप अपने आप से | 1 |
| **2.** | विश्लेषण | उत्तर:- (घ) कथन (ii) व (iv) सही है | 1 |
| **3.** | चिंतन कौशल | उत्तर:- (ख) उड़ने की आकांक्षा पैदा होने के कारण | 1 |
| **4.** | विश्लेषण | उत्तर:- (ग) कथन (A) सही व्याख्या है किंतु कारण (R) सही व्याख्या नहीं है \| | 1 |
| **5.** | मूल्यांकन | उत्तर:- (ख) बाज और साँप - निर्मल वर्मा | 1 |
| | | (भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न) | |
| **6.** | समझ | उत्तर:- (घ) 1-iv, 2-i 3-ii, 4.iii | 1 |
| **7.** | अनुप्रयोग | उत्तर:- (ग) सुन्दरता, ममता, जनता | 1 |
| **8.** | अनुप्रयोग | उत्तर:- (ग) कर्ता कारक, करण कारक, कर्म कारक | 1 |
| | | (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| **9.** | स्मरण | उत्तर:- साँप समुद्र के किनारे ऊँचे पर्वत की अँधेरी गुफा में रहता था \| अपनी गुफा में बैठा हुआ साँप सब कुछ देखा करता - लहरों का गर्जन, आकाश में छिपती हुई पहाड़ियाँ, टेढ़ी-मेढ़ी बल खाती हुई नदी । | 2 |
| **10.** | स्मरण | उत्तर:- एक दिन एकाएक आकाश में उड़ता हुआ खून से लथपथ एक बाज़ साँप की गुफा में आ गिरा। उसकी छाती पर कितने ही जख्मों के निशान थे, पंख खून से सने थे और वह अधमरा-सा जोर-शोर से हाँफ रहा था। | 2 |
| **11.** | विश्लेषण | उत्तर:- मेरे अनुसार, बाज़ द्वारा लिया गया निर्णय सही था। बाज अपने अंतिम समय में भी स्वतंत्रता का अनुभव करना चाहता था और स्वच्छंदता के साथ ही मृत्यु को गले लगाना चाहता था \|<br>(यदि नहीं, तो उपयुक्त तर्क दिए जाने पर उत्तर स्वीकार किया जाए \|) | 2 |
| **12.** | मूल्यांकन | उत्तर:- 'बाज और साँप' पाठ मनुष्य को प्रेरणा देता है कि उसको जीवन में स्वतंत्रता और संघर्ष के मूल्य को समझना चाहिए। जो मनुष्य जीवन में अपनी स्वतंत्रता के प्रति जागरूक रहता है और संघर्ष करने से डरता नहीं है, वह आगे चलकर समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाता है। | 2 |
| | | (रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न) | |
| **13.** | सृजन कौशल | उत्तर:- संवाद-योजना / पत्र-लेखन के अवयवों को ध्यान में रखते हुए अंक प्रदान किए जाएँ \| | 4 |
| | | | |